भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3482
01अप्रैल, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स में अवसंरचना के सुधार के लिए आवंटित धन

3482. # श्री रामजी लाल सुमनः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) वर्ष 2025-26 के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में बुनियादी ढांचे में सुधार एवं मजबूती हेतु केंद्रीय बजट में आवंटित की गई धनराशि का एम्स-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2022-2023 एवं 2024-25 के दौरान आज की तिथि तक देश में संचालित एम्स में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का एम्स-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या देश में संचालित एम्स में उपलब्ध न होने वाली सुविधाओं का पता लगाने के लिए मूल्यांकन करवाया गया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के दो घटक हैं:

i. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना; और
ii. मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों का उन्नयन।

वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक पीएमएसएसवाई के तहत आवंटित बजट और किया गया व्यय निम्नानुसार है:

वर्ष	आबंटित बजट (करोड़ रुपए में)	व्यय (करोड़ रुपए में)
2022-23	8269.56	7744.92
2023-24	8635.00	8036.08
2024-25	9236.00	9124.19 (27-03-2025 तक की स्थिति के अनुसार)
2025-26	9839.00	-

विभिन्न नए एम्स में विभिन्न स्पेशियलिटी/सुपर स्पेशियलिटी विभागों और संबंधित सुविधाकेन्द्रों का संचालन एक सतत प्रक्रिया है।

*****